2024/11

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट

श्री तपिश
निवासी सांगानेर
जयपुर।

बनाम

अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट

सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही।

मुकदमा नं. 05 वर्ष 2024

किस्म मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इरा हुक्म की तामिल में जारी हुए
07.02.2024	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही को दिनांक 17.11.2023, को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि उपतहसील मण्डार जिला सिरोही परिसर में स्थित स्टाम्प वेन्डर्स कियोस्क के आवंटन की प्रति एवं स्टाम्प वेन्डर्स कियोस्क से राजकीय कोष में प्राप्त राशि का वर्षवार विवरण मय रसीद एवं उपतहसील मण्डार जिला सिरोही में स्थित कियोस्क की संख्या एवं सूची की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10/– जमा करा दिये है। अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही को दिनांक 17.11.2023, को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि उपतहसील मण्डार जिला सिरोही परिसर में स्थित स्टाम्प वेन्डर्स कियोस्क के आवंटन की प्रति एवं स्टाम्प वेन्डर्स कियोस्क से राजकीय कोष में प्राप्त राशि का वर्षवार विवरण मय रसीद एवं उपतहसील मण्डार जिला सिरोही में स्थित कियोस्क की संख्या एवं सूची की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (शुभम चौधरी) जिला कलक्टर, सिरोही Signature Not Verified Digitally signed by Shubham Chaudhary Date: 2024.03.15 16:19:33 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner